
# रोटरी पत्रिका

# ROTARY PATRIKA

(रोटरी क्लब जयपुर का मुखपत्र)

Rotary RID: 3056


**Rtn. CA. Durgesh Purohit**
President, 2025-26
+91-90019 77778
ca.durgeshpurohit@gmail.com

**Rtn. Francesco Arezzo**
RI President 2025-26

**Rtn. Pragya Mehta**
District Governor- 2025-26

**Rtn. R.C. Gupta**
Secretary, 2025-26
+91-94140 71753
rameshgupta0605@gmail.com





**2025-26 No. 04 Charter No. 6548/Date 17.03.1947 Club No. 15099 Date: 01.08.2025**



Club Learning Facilitator
**Rtn. PP CA. S. L. Gangwal**

Club Counsellor
**Rtn. PP S. K. Pahariya**

Club Advisor
**Rtn. PP Surendra Swarup**
**Rtn. PP S. K. Tak**

AG & IPP
**Rtn. Girdhar Maheshwari**

President Elect
**Rtn. Shrikishan Sharma**

President Nominee
**Rtn. Dr. Siloni Thaper**

Vice President
**Rtn. Ajit Kumar Bansal**
**Rtn. Ashok Sharma**

Joint Secretary
**Rtn. Dr. Pallavi Singhvi**

Treasurer
**Rtn. Subhash Himmatramaka**

Director- Community Service
**Rtn. PP Ujas Chand Jain**

Director- Club Administration
**Rtn. Shilpa Bendre**

Director- Vocational Services
**Rtn. PP Surendra Jain Paras**

Director- New Generation
**Rtn. Mahendra Kumar Sharma**

Director- Rotary Foundation & International Services
**Rtn. Sagar Bendre**

Director- Membership
**Rtn. Navin Kothari**

Chief Editor
**Rtn. Piyush Jain**

Editor
**Rtn. Suresh Kumar Patni**

Chairperson- Environment
**Rtn. PP Haresh Kumar Patni**

Chairperson- Public Image
**Rtn. PP Sudhir Gupta**

Chairperson- Anti Drugs
**Rtn. Rajeev K. Agarwal**

Chairperson- DEI
**Rtn. Ravish Chandra Agarwal**

Chairperson-Disaster Management
**Rtn. Anita Sharma**

Chairperson- Health Preventative & Curative
**Rtn. Naveen Jain**

Chairperson- Literacy
**Rtn. Dr. Ruchira Solanki**

Chairperson-Water & Sanitation
**Rtn. Raj Kumar Bafna**

Chairperson- CSR
**Rtn. Prashant Pal**

Sergeant-at-Arms

**Rtn. N. K. Garg**
**Rtn. Bajrang Lal Sharma**


## इंटरेक्ट क्लबों का संयुक्त अधिष्ठापन समारोह संपन्न

रोटरी क्लब जयपुर द्वारा प्रायोजित 30 इंटरेक्ट क्लबों के संयुक्त अधिष्ठापन समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 18 जुलाई 2025 को रोटरी भवन में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ टैगोर पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ईश वंदना से हुआ। क्लब अध्यक्ष रो. सी.ए. दुर्गेश पुरोहित ने समारोह में पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों, रोटेरियन्स, स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों व विद्यार्थियों का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया। टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर के छात्रों के द्वारा एक शानदार नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन इंटरेक्ट क्लब चेयरपर्सन रो. पीयूष जैन द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी स्कूलों को वर्ष भर चलने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की। इस आयोजन में भाग लेने वाले प्रमुख विद्यालयों में शामिल रहे: वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल, टैगोर पब्लिक स्कूल (शास्त्री नगर), सेंट टेरेसा स्कूल (मानसरोवर एवं निवारू रोड), यूनिवर्स पब्लिक स्कूल (सिरसी रोड एवं मीनावाला), माहेश्वरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (चौड़ा रास्ता), टैगोर विद्या भवन (शास्त्री नगर एवं मानसरोवर), माहेश्वरी पब्लिक स्कूल (जवाहर नगर), दी पैलेस स्कूल, एमजीडी गर्ल्स स्कूल, जनता गर्ल्स पब्लिक स्कूल (मानसरोवर एवं सी











Rotary RID: 3056

# रोटरी पत्रिका

## ROTARY PATRIKA

(रोटरी क्लब जयपुर का मुखपत्र)

Rotary RID: 3056

स्कीम), सेंट एडमंड्स स्कूल (जवाहर नगर), महावीर पब्लिक स्कूल, रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एस.वी. पब्लिक स्कूल, टैगोर पब्लिक स्कूल (वैशाली नगर), भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम, श्री वीर बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एस.जे. पब्लिक स्कूल, धारव हाई स्कूल (अजमेर रोड), चिल्ड्रन एकेडमी (बनी पार्क), मोदी स्कूल (लक्ष्मणगढ़), टैगोर इंटरनेशनल स्कूल (मानसरोवर), सुरेंद्र पब्लिक स्कूल, विमुक्ति गर्ल्स स्कूल। मुख्य अतिथि का परिचय सहसचिव रो.पल्लवी सिंघवी द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि मेजर जनरल श्री अनुज माथुर, VSM (Retd.) ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा,जो व्यक्ति दूसरों की सहायता करता है,उसकी सहायता स्वयं ईश्वर करते हैं। उन्होंने रोटरी की मूल भावना "Service Above Self" को आत्मसात करने का आह्वान किया और यह भी बताया कि जीवन में हर कार्य निष्ठा एवं उत्कृष्टता (Excellence) के साथ करना चाहिए,क्योंकि उत्कृष्टता ही सफलता की कुंजी है।अधिष्ठापन अधिकारी डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन रो. एस.के. टाक ने सभी क्लबों के नव निर्वाचित अध्यक्षों, सचिवों व अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई एवं इंटरेक्ट क्लब की कार्यशैली व कर्तव्यों से अवगत कराया। क्लब सचिव रो. आर.सी. गुप्ता ने सभी सहभागी स्कूलों, शिक्षकों, छात्रों एवं रोटेरियन सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समारोह के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।





यह आयोजन न केवल एक औपचारिक शपथ ग्रहण समारोह था, बल्कि यह नेतृत्व, सेवा, सहयोग और युवा सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रेरणादायक मंच भी सिद्ध हुआ। श्रीमती रत्ना शर्मा द्वारा भावपूर्ण राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

— मुख्य सम्पादक रो. पीयूष जैन














Rotary RID: 3056

# रोटरी पत्रिका

# ROTARY PATRIKA

(रोटरी क्लब जयपुर का मुखपत्र)

Rotary RID: 3056

## इंटरेक्ट क्लब गतिविधियां




TAGORE PUBLIC SCHOOL SHASTRI NAGAR



TAGORE VIDYA BHAWAN SWARN PATH



MGD GIRLS SCHOOL



MGD GIRLS SCHOOL



THE PALACE SCHOOL



MGSSS CHAURA RASTA



TAGORE INTERNATIONAL SCHOOL MANSAROVAR




VIMUKTI GIRLS SCHOOL

Rotary RID: 3056

# रोटरी पत्रिका

ROTARY PATRIKA

(रोटरी क्लब जयपुर का मुखपत्र)

## अपने रोटेरियन को जानिए

रोटरी क्लब जयपुर की शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 को आयोजित साप्ताहिक सभा 'अपने रोटेरियन को जानिए' एक विशेष इंटरएक्टिव श्रृंखला को समर्पित रही। यह पहल सदस्यता में आत्मीयता बढ़ाने और आपसी संवाद को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य सदस्यों के बीच गहरे संबंध बनाना, एक–दूसरे की व्यक्तिगत व व्यावसायिक यात्रा को समझना, और रोटरी की मित्रता की भावना को सुदृढ़ करना है। ईश वंदना रो. सोनाली बेंद्रे के द्वारा की गई। क्लब की वर्ष 2025–26 की चतुर्थ सभा का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष रो. सी.ए. दुर्गेश पुरोहित ने सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए किया। इसके पश्चात रो. महेन्द्र कुमार शर्मा, रो. विश्वनाथ दीक्षित, रो. बजरंग लाल शर्मा, रो. अशोक शर्मा एवं रो. वीरेन्द्र जैन ने क्रमशः मंच पर आकर अपनी रोटरी यात्रा, उपलब्धियाँ, जीवन के अनुभव एवं प्रोफेशनल पृष्ठभूमि को बहुत ही सहज, प्रेरणादायक और संवादात्मक शैली में सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस आत्मीय कार्यक्रम के अंत में सहसचिव रो. पल्लवी सिंघवी ने सभी वक्ताओं एवं उपस्थित सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।






## कोषाध्यक्ष की कलम से



रोटरी सेवा, समर्पण और सहभागिता का प्रतीक है। मुझे यह गौरव प्राप्त हुआ है कि मैं रोटरी क्लब जयपुर के कोषाध्यक्ष के रूप में सेवा कर रहा हूँ। यह न सिर्फ एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक ऐसा अवसर है, जिसके माध्यम से हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। सदस्यों का सहयोग और विश्वास ही क्लब की वित्तीय पारदर्शिता और स्थिरता का आधार है। मेरा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक निधि का उपयोग सही उद्देश्य और रोटरी की भावना के अनुरूप हो। सभी रोटेरियन से अनुरोध है कि क्लब की सदस्यता शुल्क समय पर जमा करने की कृपा करें, ताकि क्लब की गतिविधियाँ निर्बाध रूप से संचालित हो सकें। आइए हम सब मिलकर सेवा के इस पावन पथ पर निस्वार्थ भाव से आगे बढ़ें और एक सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। सेवा ही हमारा धर्म है।

– कोषाध्यक्ष, रो. सुभाष हिम्मतरामका

Hotel Arya Niwas

Govt. Approved 3 Star Hotel — Tariff : 2500 To 4000 with breakfast



Behind Amber Tower, Sansar Chandra Road, Jaipur

Om Niwas Suite Hotel

Equivalent to 3 Star Hotel — Tariff 2500 To 4500 with breakfast



E - 23, Kaushalya Path, Durga Marg, Bani Park, Jaipur

**ROTARY CLUB JAIPUR**

Rotary Bhawan, Church Road, Jaipur - 302001 | **Ph.:** 0141-2376819

**E-mail:** rotaryhalljaipur@hotmail.com | **Website:** www.rotaryclubjaipur.org

**CHIEF EDITOR -** Rtn. Piyush Jain Mob.: 9828454883

**EDITOR -** Rtn. Suresh Kumar Patni Mob.: 9610780638

**PRINTED AT -** Ram Print Hub, Mansarovar, Jaipur • Mob.: 9314616956

**To,** **Book-Post**